# E-9 देशों के शिक्षा मंत्रियों की बैठक

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में **E-9** (बांग्लादेश, ब्राज़ील, चीन, मिस्र, भारत, इंडोनेशिया, मैक्सिको, नाइजीरिया और पाकिस्तान) देशों के शिक्षा मंत्रियों की एक परामर्श बैठक हुई।

- यह बैठक **सतत विकास लक्ष्य संख्या-4** (Sustainable Development Goal4/SDG-4) की दिशा में प्रगति में तेज़ी लाने के लिये डिजिटल लर्निंग को बढ़ावा देने से संबंधित विषय पर आयोजित की गई थी।

## प्रमुख बिंदु

- **SDG-4 की दिशा में तेज़ी से प्रगति के लिये डिजिटल लर्निंग स्केलिंग:**
    - **संयुक्त राष्ट्र** (UN) सभी के लिये डिजिटल शिक्षा और कौशल सुनिश्चित करने वाली वैश्विक पहल का नेतृत्व कर रहा है, जिसके अंतर्गत हाशिए पर मौजूद बच्चों और युवाओं को लक्षित कर उनको डिजिटल उपकरणों के पास लाने और शिक्षा प्रणालियों में तेज़ी से बदलाव लाने का लक्ष्य है।
    - इस पहल का प्रमुख उद्देश्य वर्ष 2020 में हुई **वैश्विक शिक्षा बैठक** (Global Education Meeting) की पाँच प्राथमिकताओं में से तीन (शिक्षकों को सहयोग, कौशल में निवेश और डिजिटल विभाजन को कम करना) पर केंद्रित है।
    - E9 देश छोटी अवधि में डिजिटल लर्निंग और कौशल पर प्रगति तथा लंबी अवधि में SDG4 पर तेज़ी लाने के लिये एक शुरुआती एजेंडा पेश करते हैं।

**E9 देश:**

- E9 साझेदारी पहली बार वर्ष 1993 में स्थापित की गई थी, जिसका गठन यूनेस्को की '**सभी के लिये शिक्षा**' (Education For All) पहल हेतु किया गया था।
- E-9 समूह के देशों (बांग्लादेश, ब्राज़ील, चीन, मिस्र, भारत, इंडोनेशिया, मैक्सिको, नाइजीरिया और पाकिस्तान) का उद्देश्य सभी के लिये गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा आजीवन सीखने के अवसरों को सुनिश्चित करने हेतु राजनीतिक इच्छाशक्ति एवं सामूहिक प्रयास को मज़बूत करना है।
- E9 देश **SDG4- शिक्षा 2030** (SDG4 – Education 2030) को प्राप्त करने के लिये काम कर रहे हैं।

**सभी के लिये शिक्षा:**

- यह एक वैश्विक पहल है, जिसे पहली बार वर्ष 1990 में यूनेस्को, यूएनडीपी, यूएनएफपीए, यूनिसेफ और विश्व बैंक द्वारा थाईलैंड में शिक्षा के लिये अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शुरू किया गया था।
- इसमें भाग लेने वालों द्वारा 'सीखने की विस्तारित दृष्टि' **(Expanded Vision of Learning)** का समर्थन किया गया और प्राथमिक शिक्षा को व्यापक बनाने तथा दशक के अंत तक निरक्षरता को कम करने का संकल्प लिया गया।
- दस वर्ष बाद कई देशों के साथ राष्ट्रीय सरकारों, नागरिक समाज समूहों और विकास एजेंसियों के एक व्यापक गठबंधन ने डकार, सेनेगल में फिर से मुलाकात की और वर्ष 2015 तक EFA लक्ष्य को प्राप्त करने की प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि की।
    - उन्होंने छः प्रमुख शिक्षा लक्ष्यों की पहचान की जिनका उद्देश्य वर्ष 2015 तक सभी बच्चों, युवाओं और वयस्कों की सीखने की ज़रूरत को पूरा करना है (जैसे- डकार फ्रेमवर्क)।


## वैश्विक शिक्षा बैठक घोषणा, 2020

- वर्ष 2020 वर्ष GEM घोषणा ने SDG-4 पर प्रगति में तेज़ी लाने के लिये और कोविड-19 महामारी से लड़ने हेतु तत्काल कार्रवाई हेतु पाँच प्राथमिकताओं की पहचान की:
    - शिक्षा का वित्तपोषण;
    - स्कूल को पुनः खोलना;
    - सहायक शिक्षकों को अग्रिम पंक्ति में खड़ा करना;

    - कौशल में निवेश करना; तथा
    - डिजिटिल विभाजन को कम करना।
- कोविड-19 संकट ने पूरे विश्व में वर्तमान शिक्षा प्रणालियों की कमज़ोरी और असमानता को प्रकट किया, जिससे लगभग सभी देशों में बड़े पैमाने पर स्कूल बंद होने से डिजिटिल शिक्षा को बढ़ावा मिला।

## SDG4

- संयुक्त राष्ट्र (UN) के सदस्य राज्यों द्वारा वर्ष 2015 में **सतत् विकास लक्ष्य, 2030** प्रयोजन को अपनाया गया।
    - इसके अंतर्गत वर्ष 2030 तक 17 लक्ष्य और 169 विशिष्ट लक्ष्य प्राप्त करने के लिये निर्धारित हैं।
    - SDG कानूनी रूप से बाध्यकारी नहीं हैं।
- SDG4 सभी के लिये समावेशी और समान गुणवत्ता वाली शिक्षा तथा आजीवन सीखने के अवसरों को सुनिश्चित करता है।




//

## स्रोत: पी.आई.बी.

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/meeting-of-education-ministers-of-e9-countries